web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 03 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 65

# भारतीय नौसेना को जल्द मिलेंगे 26 राफेल नेवल वेरिएंट विमान

**❒ नेवी चीफ इंडियन नेवी के न्यूक्लियर और फ्यूचर प्लान का किया बड़ा खुलासा**

**नईदिल्ली** | आरएनएस




भारतीय नौसेना के बेड़े में जल्द ही 26 राफेल नेवल वेरिएंट विमान शामिल होंगे. नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने नेवी डे (4 दिसंबर) से पहले वार्षिक प्रेस कांफ्रेंस में इस महत्वपूर्ण जानकारी को साझा किया. उन्होंने बताया कि इस संबंध में अगले महीने कैबिनेट कमेटी ऑफ सिक्योरिटी की मंजूरी के बाद डील साइन होगी. एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना लंबे समय से आईएनएस विक्रांत पर अत्याधुनिक फाइटर जेट की तैनाती का इंतजार कर रही थी. पिछले साल जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने राफेल एम नेवल वर्जन की खरीद को मंजूरी दी थी. इस सौदे के पूरा होने से भारतीय नौसेना की ताकत में अभूतपूर्व इजाफा होगा.

फिलहाल भारतीय नौसेना रूस निर्मित मिग-29के फाइटर जेट का इस्तेमाल करती है. नई डील से नौसेना को उच्च तकनीक वाले विमानों से लैस करने में मदद मिलेगी. नेवी चीफ ने यह भी बताया कि फिलहाल 62 शिप और एक सबमरीन निर्माणाधीन हैं, जबकि 31 और जहाजों का भविष्य में निर्माण करने की योजना है. इसके अलावा, चेतक हेलीकॉप्टर की जगह 60 नए हेलीकॉप्टर शामिल करने की योजना भी बनाई जा रही है.

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडमिरल त्रिपाठी ने हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने की बात कही. उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना चीनी सर्वे वेसल और युद्धपोतों के मूवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए है. पाकिस्तान के बेड़े में चीन की मदद से शामिल हो रहे 50 शिप्स पर चुटकी लेते हुए नेवी चीफ ने कहा, उन्होंने वेलफेयर की जगह वेपन्स चुना है, उनको गुड लक.

नेवी चीफ ने शिप सबमर्सिबल बैलिस्टिक न्यूक्लियर के कमीशनिंग का जिक्र करते हुए कहा कि आईएनएस अरिघात भारतीय न्यूक्लियर ताकत का नया प्रतीक है. यह समुद्र, जमीन और आसमान में हमला करने में सक्षम है. उन्होंने यह भी बताया कि नौसेना का लक्ष्य 6 शिप सबमर्सिबल न्यूक्लियर का है. सरकार ने फिलहाल दो न्यूक्लियर पावर सबमरीन को मंजूरी दी है, लेकिन ये न्यूक्लियर वेपन कैरी नहीं करेंगे.

भारतीय नौसेना हर मोर्चे पर अपनी ताकत को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. नेवी चीफ के अनुसार, नौसेना न केवल देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा कर रही है, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. 4 दिसंबर को नेवी डे के अवसर पर भारतीय नौसेना अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाएगी और भविष्य के लक्ष्यों की दिशा में कदम बढ़ाएगी.

## दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत, 10 से अधिक घायल




**तुमकुर** | आरएनएस

कर्नाटक के तुमकुर शहर के पास सोमवार तडक़े भीषण सडक़ हादसा हुआ। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि 10 से अधिक घायल हो गए। रिपोर्ट की मानें तो यह सडक़ हादसा तुमकुर के पास कल्लंबेला के नजदीक चोक्कनहल्ली पुल के पास बताया जा रहा है। यहां पर सुबह करीब 4 बजे एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें तीन महिलाओं की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त निजी बस गोवा से बेंगलुरु की तरफ जा रही थी। बस चालक द्वारा नियंत्रण खो देने से बस पलट गई। हादसे के वक्त यात्री सो रहे थे। तीन महिलाओं की मौत के अलावा 10 अधिक अन्य यात्री घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस पलटने के बाद लोग उसमें से निकलने का प्रयास करने लगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनकी मदद की। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवार में रोष का माहौल है, उनका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घायलों को इलाज चल रहा है। उनको जिला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे को लेकर कल्लंबेला पुलिस ने स्टेशन मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ओवरलोड डंपर की चपेट में आने से गई 3 मासूमों की जान, सड़क किनारे खड़े थे तीनों

**बराड़ा (आरएनएस)।** प्रदेश में आए दिन तेज रफ्तार का कहर देखने को मिलता है। ताजा मामला बराड़ा से सामने आया है जहां ओवरलोड डंपर ने सडक़ किनारे खड़े तीन मासमों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीनों की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को मुलाना स्थित एमएम मेडिकल कॉलेज के मार्चरी में रखवा दिया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा मौजगढ़-सोहाना मार्ग पर हुआ। हादसे में मृतक बच्चों की आयु 16 से 18 वर्ष के बीच बताई जा रही है। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवार में गम का माहौल है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। देखना यह होगा कि पुलिस कब तक डंपर चालक को गिरफ्तार करती है।

### पांच दिसंबर तक दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेगा ग्रैप-4

#### राज्यों के ढुल-मुल रवैये से नाखुश सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) ग्रैप-4 को सही से लागू नहीं करने को लेकर चिंता व्यक्त की. कोर्ट ने कहा कि हवा की गुणवत्ता के खतरनाक स्तर के बावजूद, जीआरएपी चरण 4 के तहत उल्लिखित उपायों के गंभीर क्रियान्वयन में कमी रही है, जो तब शुरू होता है जब वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक गिर जाती है. ऐसे में दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप 4 पाबंदियां गुरुवार, 5 दिसंबर तक लागू रहेंगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पहले देखना चाहता है कि प्रदूषण के स्तर में कितनी गिरावट आई है. ग्रैप 4 पाबंदियों के चलते निर्माण कार्य रुकने से प्रभावित मज़दूरों को मुआवजा देने में राज्यों के ढीले रवैये से कोर्ट नाखुश दिखा. साथ ही दिल्ली, यूपी, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के ज़रिए सुनवाई से जुडऩे को कहा. कोर्ट ने अपनी तरफ से नियुक्त कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट देख कर उनकी सुरक्षा पर चिंता जताई.

### संसद में अडाणी मुद्दे को लेकर इंडिया गठबंधन में दरार, टीएमसी ने बैठक से बनाई दूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संसद के शीतकालीन सत्र में उद्योगपति गौतम अडाणी के रिश्वतखोरी मामले को लेकर विपक्ष बंटा हुआ नजर आ रहा है।दरअसल, इस मुद्दे को लेकर सोमवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक बैठक थी, लेकिन इसमें तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं ने भाग नहीं लिया।कांग्रेस चाहती है कि अडाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोग पर सदन पर चर्चा हो और ऐसा न होने पर कार्यवाही स्थगित हो रही है, जबकि टीएमसी इसके खिलाफ है। टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी का कहना है कि पार्टी इस सत्र में बंगाल से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें केंद्र से बकाया राशि रोके जाने का मामला भी शामिल है।वरिष्ठ टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि पार्टी चाहती है कि संसद एक मुद्दे पर बिना किसी व्यवधान के चले। इस दौरान टीएमसी सत्र के दौरान मणिपुर में अशांति का मुद्दा भी उठाना चाहती है।

## चीन के समर्थन से पाकिस्तान बढ़ा रही अपनी नौसेना की ताकत, सेना प्रमुख का दावा

**नईदिल्ली** | आरएनएस

भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को दावा किया कि पाकिस्तान चीन के समर्थन से अपनी नौसेना ताकत को बढ़ा रहा है।त्रिपाठी ने नौसेना दिवस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम पाकिस्तानी नौसेना की आश्चर्यजनक वृद्धि से अवगत हैं। उनका लक्ष्य 50 जहाजों वाली सेना बनना है। उनकी अर्थव्यवस्था को देखें तो, यह आश्चर्यजनक है कि वे इतने जहाज कैसे बना या खरीद रहे? उन्होंने अपने लोगों के कल्याण के बजाय हथियारों को चुना है।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, चीन के समर्थन से पाकिस्तान की नौसेना के कई युद्धपोत और पनडुब्बियां बनाई जा रही हैं, जो यह दिखाता है कि चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत बनाने में दिलचस्पी ले रहा है। उनकी 8 नई पनडुब्बियां पाकिस्तानी नौसेना के लिए महत्वपूर्ण युद्ध क्षमताएं होंगी, लेकिन हम उनकी क्षमताओं से पूरी तरह अवगत हैं। इसलिए हम अपने पड़ोसियों से सभी खतरों से निपटने में सक्षम होने के लिए अपनी अवधारणाओं में बदलाव कर रहे हैं।

एडमिरल त्रिपाठी ने आगे कहा, हम चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नौसेना, उनके युद्धपोतों और उनके अनुसंधान जहाजों सहित क्षेत्र-बाह्य ताकतों पर नजर रख रहे हैं और जानते हैं कि वे क्या कर रहे हैं और इस समय कहां हैं? महासागर सबके लिए खुले हैं और कोई भी इसमें काम कर सकता है, लेकिन जब तक वे हमारी सुरक्षा को प्रभावित न करें, तभी तक। हमारे पास महासागरों में गतिविधियों की निगरानी के लिए स्थापित और प्रभावी संरचना है।

## प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही

**प्रयागराज** | आरएनएस



उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की पावन धरती पर 12 वर्षों बाद 2025 में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होगा। महाकुंभ की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, महाकुंभ मेले में लगभग 43 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान है।

व्यापक तैयारियां चल रही हैं और संगम से लेकर महाकुंभ तक सभी विकास गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

महाकुंभ मेला 2025 की तैयारियों की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इस आयोजन में शामिल होने वाले भारत और विदेश के तीर्थयात्रियों के लिए एक सहज अनुभव प्रदान करें।

रिपोर्ट के अनुसार, पीडब्ल्यूडी ने भी अपनी रफ्तार बढ़ा दी है और पांटून पुलों के साथ-साथ सडक़ों के रेनोवेशन के काम में भी तेजी देखने को मिल रही है। एक दिसंबर तक लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से 27 रोड्स का रिन्यूअल किया जा चुका है। जबकि, बाकी रोड्स के रिन्यूअल का काम 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी तरह 17 रोड्स के सौंदर्यीकरण का कार्य भी 5 दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पीडब्ल्यूडी के पास कुल 89 परियोजनाएं हैं, जिसमें से करीब 60 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष 10 दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है।

बीते बुधवार को सीएम योगी महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की थी और आश्वासन दिया था कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं तय समय से एक महीने पहले 10 दिसंबर तक पूरी कर ली जाएंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को प्रयागराज आएंगे। यहां पीएम मोदी मां गंगा की आरती करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। सीएम के अनुसार, प्रधानमंत्री डिजिटल कुंभ पर एक प्रेजेंटेशन भी देखेंगे और आयोजन की भव्यता बढ़ाने के लिए तैयार किए गए कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

## आतंकियों से निपटने के लिए भारत-मलेशिया का सैन्य अभ्यास हरिमाऊ शक्ति

**नई दिल्ली** | आरएनएस



भारत और मलेशिया की सेनाओं के बीच होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास हरिमाऊ शक्ति सोमवार को प्रारंभ हो गया। यह युद्धाभ्यास मलेशिया में आयोजित किया जा रहा है।

संयुक्त अभ्यास के अंतर्गत दोनों देशों की सेनाएं जंगल में आतंकवाद विरोधी अभियान का अभ्यास करेगी। एक खास अभ्यास के तहत आतंकवादियों द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र को मुक्त करने के लिए सैन्य हमला किया जाएगा। इससे भारत और मलेशिया दोनों देशों की सैन्य कार्य क्षमता का विकास होगा।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक मलेशिया में होने वाला यह अभ्यास जंगल के वातावरण से संबंधित अभियानों पर केंद्रित है। हरिमाऊ शक्ति सैन्य अभ्यास का यह चौथा संस्करण है जो सोमवार को मलेशिया के पहांग जिले के बेंटोंग कैंप में शुरू हुआ। यह अभ्यास 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। 78 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व महार रेजिमेंट की एक बटालियन कर रही है। वहीं, मलेशियाई टुकड़ी का प्रतिनिधित्व रॉयल मलेशियाई रेजिमेंट के 123 कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

संयुक्त अभ्यास हरिमाऊ शक्ति एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो भारत और मलेशिया में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। पिछला संस्करण नवंबर 2023 में भारत के मेघालय में उमरोई छावनी में आयोजित किया गया था। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय 7 के तहत जंगल क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

यह अभ्यास जंगल के वातावरण में अभियानों पर केंद्रित होगा। संयुक्त सैन्य अभ्यास के विषय में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस अभ्यास को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में दोनों सेनाओं के बीच क्रॉस ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें दोनों देशों की सैन्य टुकडिय़ों के लिए व्याख्यान, प्रदर्शन और जंगल के इलाकों में विभिन्न अभ्यास शामिल हैं।

अंतिम व दूसरे चरण में दोनों सेनाएं एक मॉक अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लेंगी। इसमें सैनिक एंटी-एमटी एंबुश, बंदरगाह पर कब्जा, टोही गश्त, एंबुश और आतंकवादियों द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र पर हमला सहित विभिन्न अभ्यास करेंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक हरिमाऊ शक्ति अभ्यास से दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम अभ्यास साझा करने का अवसर मिलेगा। इससे दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन और सौहार्द विकसित करने में मदद मिलेगी। संयुक्त अभ्यास से रक्षा सहयोग भी बढ़ेगा, जिससे दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में और वृद्धि होगी।

## एसआई ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की, पुलिस को खून से लथपथ मिला शव

**मुलुगु** | आरएनएस

तेलंगाना के मुलुगु जिले में सोमवार को सब-इंस्पेक्टर (एसआई) ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

मृतक सब-इंस्पेक्टर की पहचान वाजेदु पुलिस स्टेशन में कार्यरत आर हरीश के रूप में हुई है। हरीश ने सोमवार सुबह एतुरानगरम मंडल के मुल्लाकट्टा गांव के पास एक रिसॉर्ट में आत्महत्या की है।

एसआई ने रविवार को हरिथा रिसॉर्ट में चेक इन किया था। बताया जा रहा है कि जब उन्होंने यह कदम उठाया तो वह एक महिला के साथ थे। सोमवार सुबह रिसॉर्ट के कर्मचारियों ने देखा कि सब-इंस्पेक्टर हरीश के कमरे का दरवाजा खुला था और वह बिस्तर पर खून से लथपथ पड़े थे। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी स्थानीय थाने को दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।


पुलिस को एसआई का शव खून से लथपथ मिला। एसआई की आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस को संदेह है कि निजी समस्याओं के चलते उन्होंने आत्महत्या की होगी। पुलिस अधिकारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरीश भूपालपल्ली जिले के वेंकटेश्वरलापल्ली गांव के रहने वाले थे। रविवार को ड्यूटी पर जाने के बाद वह एक महिला के साथ रिसॉर्ट में ठहरे। महिला की पहचान का पता नहीं चल पाया है।

बता दें कि तेलुगू राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में हाल के महीनों में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जिनमें पुलिस अधिकारियों ने अपनी सर्विस बंदूक से खुदकुशी की। इनमें से अधिकतर ने निजी कारणों से यह कदम उठाया।

## एक्टर विक्रांत मैसी ने किया एक्टिंग से संन्यास लेने का ऐलान

**मुंबई** | आरएनएस



छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी ने सोमवार को अपने एक पोस्ट से अपने करोड़ों प्रशंसकों को निराश कर दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में अब अभिनय की दुनिया से संन्यास लेने का ऐलान किया है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में कहा, हैलो, पिछले कुछ साल और उसके बाद का समय काफी अच्छा रहा है। मैं आप सभी के इतने समर्थन के लिए आपको धन्यवाद देता हूं। लेकिन, जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता जा रहा हूं, मुझे एहसास हो रहा है कि अब समय आ चुका है कि मैं खुद को फिर से संभालूं और घर वापस जाऊं।

उन्होंने आगे कहा, एक पति, पिता और बेटे के तौर पर और एक एक्टर के तौर पर भी। तो, 2025 में हम एक आखिरी बार एक-दूसरे से मिलेंगे। जब तक सही समय ना लगे। पिछले 2 फिल्में और कई साल की यादें। आप सभी का फिर से शुक्रिया। हर चीज के लिए और जो कुछ बीच में हुआ उसके लिए भी। मैं हमेशा आपका ऋणी रहूंगा।

उनका यह पोस्ट अभी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें उनके प्रशंसक उनसे लगातार यही सवाल कर रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या वजहें हैं कि उन्होंने अब अभिनय की दुनिया से संन्यास लेने का फैसला किया है। वह भी तब जब लगातार उनकी फिल्में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। फैंस की तरफ से लगातार उनकी फिल्मों को प्यार मिल रहा है, तो ऐसे में अभिनय से आखिर उनका मोहभंग क्यों हुआ। यह सवाल उनके प्रशंसकों को परेशान कर रहा है।


वैसे तो अभिनेता ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है। लेकिन, हाल ही में आई उनकी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को लेकर वह खासा सुर्खियों में हैं। 2002 के गोधरा कांड पर आधारित यह फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में उनकी एक्टिंग को खूब पसंद किया गया।

इससे पहले भी वह कई ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपने अभिनय का जादू बिखेर चुके हैं। उनकी एक्टिंग को हर फिल्म में सराहा जाता रहा है।

इससे पहले, उनकी फिल्म 12वीं फेल ने दर्शकों का दिल जीत लिया था, जिसमें उन्होंने आईपीएस मनोज शर्मा का किरदार निभाया था, जो आर्थिक और शैक्षिक रूप से कमजोर होने के बावजूद भी अपने सपनों को पूरा करने में जी-जान लगा देते हैं।

## मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध दो दिन और बढ़ा

**इंफाल** | आरएनएस



मणिपुर सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए अशांत जिरीबाम जिले सहित नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं का निलंबन दो दिन के लिए बढ़ा दिया।

गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर को कांगपोकपी जिले से एक व्यक्ति के लापता होने की घटना को छोडक़र 18 नवंबर से नौ जिलों में से किसी भी जिले से किसी बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली है, लेकिन एहतियात के तौर पर मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं के निलंबन को दो और दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है।

गृह आयुक्त एन. अशोक कुमार ने अपने आदेश में कहा, राज्य में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए, इस आशंका पर कि कुछ असामाजिक तत्व लोगों की भावनाओं को भडक़ाने वाली तस्वीरें, अभद्र भाषा और नफरत भरे वीडियो संदेश प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। एहतियाती उपाय के तौर पर, राज्य सरकार ने मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं पर अस्थायी निलंबन लगाया है।

नौ जिलों - इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी, चुराचांदपुर, जिरीबाम और फेरजावल - में मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं का निलंबन 3 दिसंबर को शाम 5.15 बजे तक प्रभावी रहेगा।

गत 15 और 16 नवंबर को जिरीबाम जिले में लापता तीन बच्चों और तीन महिलाओं के शव बरामद होने के बाद, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम सहित घाटी के जिलों में 16 नवंबर से भीड़ द्वारा मंत्रियों, विधायकों और राजनीतिक नेताओं के घरों और बंगलों पर व्यापक हिंसा के बाद मुख्य सचिव विनीत जोशी ने इन जिलों में दो दिन के लिए मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया था।

तब से पिछले 17 दिन से मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं का निलंबन समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है।

हालांकि, दो सप्ताह के बंद के बाद, छह जिलों में स्कूलों और विश्वविद्यालयों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में 29 नवंबर से नियमित कक्षाएं फिर से शुरू हुईं। हिंसा प्रभावित छह जिलों - इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर, काकचिंग और जिरीबाम में कर्फ्यू प्रतिबंधों में भी ढील दी गई। हालांकि, जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार, किसी भी सभा या रैली के लिए अभी भी सक्षम अधिकारियों से पूर्वानुमति की आवश्यकता है।